प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
## पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
## पंतनगर किसान मेला में होंगे किसानों हेतु विशेष आकर्षण

पंतनगर। 05 अक्टूबर 2021। विश्वविद्यालय में 07 से 10 अक्टूबर 2021 तक आयोजित होने वाले 110वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी में किसानों हेतु विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं होंगी। गांधी पार्क में लगाये जाने वाले इस चार–दिवसीय मेले में चारों दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा, ने बताया कि मेले के प्रमुख आकर्षणों में 07–08 अक्टूबर 2021 को फल–फूल, शाक–भाजी एवं परिरक्षित पदार्थों की प्रदर्शनी व प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसी दिन अपरान्ह् 2:00 बजे शैक्षणिक डेयरी फार्म, नगला, पर संकर बछियों की नीलामी एवं मत्स्य उत्पादन प्रदर्शनी व प्रतियोगिता 3:00 बजे आयोजित की जायेंगी तथा 09 अक्टूबर 2021 को पूर्वान्ह् 10:00 बजे से पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के परिसर में पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। 07–09 अक्टूबर 2021 तक मेला प्रांगण में पूर्वाहन 10:00 से सायं 05:00 बजे तक कृषि क्लीनिक की सुविधा भी उपलब्ध की जायेगी। मेले के अंतिम दिन, 10 अक्टूबर 2021 को, समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का गांधी हाल में अपराह्न 3:00 बजे से आयोजन किया जायेगा, जिसमें मेले में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजित प्रतिभागियों एवं मेले में लगे स्टालों को अपने प्रदर्शन हेतु मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। किसान मेला प्रभारी, डा. एस.के. बंसल ने बताया कि कोविड महामारी के चलते किसान मेले में लगने वाले विभिन्न प्रकार के स्टालों को सुनिश्चित स्थान पर लगाया जा रहा है।

डा. शर्मा ने बताया कि कोविड–19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए इस वर्ष मेले में पूर्व की भांति रात्रि विश्राम की व्यवस्था नहीं की जा रही है साथ ही किसान मेले में 65 वर्ष से ज्यादा वृद्ध एवं 10 वर्ष से कम आयु के बच्चे तथा ऐसे व्यक्ति जिन्हें कोई अन्य बीमारी हो वे कार्यक्रम में उपस्थित नहीं होंगे। उन्होंने अनुरोध किया कि आगंतुक अपने साथ मास्क, साबुन, सेंनेटाइजर, शॉल एवं चादर इत्यादि रखें साथ ही मेले में भ्रमण के दौरान सामाजिक दूरी को भी बनाकर रखे।